दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 04
अंकः-76
मुरादाबाद
06 July 2024
(Saturday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## देश की एक और उपलब्धि, 2023-24 में भारत में हुआ 1.27 लाख करोड़ रुपये का रक्षा उत्पादन

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि यह अब तक का एक वित्तीय वर्ष में सबसे ज्यादा रक्षा उत्पादन है। देश में 2023-24 के वित्तीय वर्ष में रिकॉर्ड रक्षा उत्पादन हुआ है। इस दौरान देश में 1.27 लाख करोड़ रुपये की कीमत के हथियार और रक्षा उपकरण बने हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि यह अब तक का एक वित्तीय वर्ष में सबसे ज्यादा रक्षा उत्पादन है। उन्होंने कहा कि मेक इन इंडिया अभियान के तहत यह एक मील का पत्थर है। राजनाथ सिंह ने कहा सरकार भारत को



एक शीर्ष वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर दी जानकारी- राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा %प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मेक इन इंडिया कार्यक्रम साल दर साल नए मील के पत्थर पार कर रहा है। भारत ने 2023-24 में रक्षा उत्पादन में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की है। 2023-24 में 1,26,887 करोड़ रुपये का रक्षा उत्पादन हुआ, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 16.8 प्रतिशत ज्यादा है।% राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनियों और रक्षा उत्पादों का निर्माण करने वाली निजी क्षेत्र की कंपनियों को बधाई दी। रक्षा निर्यात में भी हुई बढ़ोतरी- सरकार ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में यह अहम है। सरकार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में देश में रक्षा उत्पादन 1,08,684 करोड़ रुपये का हुआ था। सरकार ने बताया कि 2023-24 में जो कुल रक्षा उत्पादन हुआ है, उसमें से 79.2 प्रतिशत रक्षा उत्पादन सरकारी और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों द्वारा किया गया है। वहीं 20 प्रतिशत उत्पादन निजी कंपनियों द्वारा किया गया है। सरकार के बयान के अनुसार, बीते 10 वर्षों में सरकारी नीतियों और रक्षा उत्पादन क्षेत्र में लाए गए सुधारों के चलते यह उपलब्धि हासिल हुई है। गौरतलब है कि 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात भी बढ़ा है और इस वित्तीय वर्ष में ये 21,083 करोड़ रुपये रहा। वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में यह 32% ज्यादा है।

### संक्षिप्त समाचार

#### हाथरस हादसा: पता चल गया... कहां है एक लाख का इनामी और भगदड़ का मुख्य आरोपी मधुकर, बाबा के वकील ने किया खुलासा

हाथरस हादसे के मुख्य आरोपी एक लाख के इनामी मधुकर का पता चल गया है। साकार हरि बाबा के वकील ने बताया कि वह अस्पताल में भर्ती है। उत्तर प्रदेश के हाथरस के सिकंदराराऊ में भोले बाबा के सत्संग पर भगदड़ मच गई। इसमें 121 लोगों की जान चली गई। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इसका मुख्य आरोपी देवप्रकाश मधुकर है। यह अभी फरार चल रहा है। इस पर पुलिस ने एक लाख का इनाम घोषित किया है।उधर मामले में साकार हरि ने सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ए.पी सिंह को नियुक्त किया है। समाचार एजेंसी एएनआई को दिए बयान में अधिवक्ता ने कहा कि मुझे एफआईआर की कॉपी मिल गई है। मुझे जांच एजेंसियों पर पूरा भरोसा है। मुख्य आरोपी अस्पताल में भर्ती है। उन्होंने कहा कि मधुकर दिल का मरीज है। इस घटना से उनके परिवार के एक सदस्य की मौत भी हो गई है।कहा कि कि मधुकर अस्पताल में भर्ती है। जैसे ही उसकी हालत में सुधार होगा, हम उसे पुलिस और एसआईटी के सामने पेश करेंगे। कहा कि आगे की कार्रवाई में सहयोग करेंगे। कहा कि कि मधुकर का कोई आपराधिक रिकार्ड नहीं है। हम न तो कोई अदालती कार्यवाही शुरू करने जा रहे हैं। और न ही कुछ करने जा रहे हैं।

## राहुल गांधी अलीगढ़-हाथरस में पीड़ित परिवारों से मिले, बोले- संसद में उठाएंगे मामला



राहुल गांधी पहले अलीगढ़ में अकराबाद के पिलखना गांव आए। वहां पर मृतकों के परिजनों से मिलने के बाद हाथरस पहुंच गए। वहां भी हादसे के पीड़ित परिवारों से मुलाकात की।कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अलीगढ़ के पिलखना आए। यहां उन्होंने हाथरस हादसे के चारों मृतकों के परिवारों से मिलकर सांत्वना दी। राहुल गांधी वहां से हाथरस ग्रीन पार्क पहुंचे, जहां पर पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की।दिल्ली से सड़क मार्ग द्वारा राहुल गांधी खैर पहुंचे, खैर कांग्रेस कमेटी ने सुभाष चौक पर जोरदार स्वागत किया। वहां के बाद राहुल गांधी अकराबाद के पिलखना गांव पहुंच गए। गांव में सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। चप्पे-चप्पे पर सीआरपीएफ, पुलिस फोर्स और पीएसी तैनात है। राहुल गांधी ने हाथरस सत्संग हादसे के चारों मृतकों मंजू पत्नी छोटे लाल, पंकज पुत्र छोटे लाल, प्रेमवती और शांति देवी पत्नी विजय सिंह के घर पर जाकर मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी और घटना को दुखद बताया। सत्संग में हुई भगदड़ की घटना के बारे में जानकारी की। राहुल गांधी ने कहा कि मामले को संसद में उठाया जाएगा, कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ है। उनके साथ में कांग्रेस-सपा के पदाधिकारी और स्थानीय नेता मौजूद रहे।पिलखना से 8 ÷05 बजे चलकर राहुल गांधी हाथरस स्थित नबीपुर, ग्रीन पार्क 9 ÷02 बजे पहुंचे। कांग्रेस नेता राहुल ने हादसे में मृतक आशा देवी, मुन्नी देवी ओर ओमवती के परिजनों से मुलाकात की। वह परिजनों से घटनाक्रम के बारे में जानकारी ले रहे हैं। राहुल गांधी के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी मौजूद हैं। मीडिया से मुखातिब हुए राहुल गांधी- 9÷0 बजे राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत की। राहुल गांधी ने कहा कि प्रदेश सरकार को दिल खोलकर गरीब परिवारों की मदद करनी चाहिए । परिजनों ने बताया है कि प्रशासन की ओर से हादसे की जगह पर मुकम्मल इंतजाम नहीं थे, इस वजह से यह हादसा हुआ। मुआवजा सरकार को जल्द से जल्द देना चाहिए। राहुल गांधी हाथरस से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

## जनता ही मेरी एकमात्र पार्टी हैं, महाराष्ट्र सरकार में असंतोष की अटकलों के बीच बोले अजित पवार

पिछले हफ्ते विधानसभा में पेश किए गए बजट का बचाव करते हुए अजित पवार ने कहा कि उनके विरोधी उन्हें गालियां दे रहे हैं, क्योंकि वे नहीं चाहते कि विकास का फल नागरिकों को मिले।महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने लोगों से विकास के लिए उनका समर्थन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि राजनीति में कदम रखने के बाद से ही वह अपनी पार्टी से जुड़े हुए हैं। उनके ऊपर



लगे भ्रष्टाचार के आरोप भी साबित नहीं हुए। उन्होंने कहा कि जनता ही उनकी पार्टी है और जनता का कल्याण करना ही उनकी प्राथमिकता है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने एक वीडियो मैसेज में कहा, 卐लोग ही मेरी एकमात्र पार्टी है। मैं जो भी करूं, लोगों का कल्याण ही मेरी प्राथमिकता है। मैं हमेशा लोगों के फायदे के बारे में सोचता हूं।卐 उन्होंने यह वीडियो लोक सभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के बाद भाजपा, राकांपा और शिवसेना वाले सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के भीतर असंतोष की अटकलों के बीच जारी किया। लोकसभा चुनाव में राकांपा का खराब प्रदर्शन- लोकसभा चुनाव में महायुति ने महाराष्ट्र की 48 सीटों में से केवल 17 सीटों पर ही जीत हासिल करने में कामयाब रही। भाजपा ने केवल नौ सीटों पर जीत हासिल की, जबकि 2019 में भाजपा ने महाराष्ट्र में 23 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं शिवसेना ने नौ सीटों पर और राकांपा को केवल एक सीट पर जीत मिली। अजित पवार ने की जनता से अपील- पिछले हफ्ते विधानसभा में पेश किए गए बजट का बचाव करते हुए अजित पवार ने कहा कि उनके विरोधी उन्हें गालियां दे रहे हैं, क्योंकि वे नहीं चाहते कि विकास का फल नागरिकों को मिले। उन्होंने दावा किया कि उनके ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप कभी साबित नहीं होंगे। यह कहते हुए अजित पवार ने अपने आलोचकों पर गंदी राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाया। अजित पवार ने लोगों से केवल भाषणबाजी करने वाले राजनेताओं से दूर रहने और काम करने वाले राजनेताओं को वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जो काम करते हैं उनकी आलोचना सबसे ज्यादा होती है। बता दें कि पिछले साल जुलाई में अजित पवार ने अपने चाचा और राकांपा के संस्थापक शरद पवार के खिलाफ विद्रोह कर दिया और भाजरा-शिवसेना के साथ गठबंधन में शामिल हो गए। बाद में उन्हें पार्टी का नाम और पार्टी चिह्न भी मिल गया, जबकि शरद पवार की पार्टी का नाम राकांपा-शरदचंद्र पवार रखा गया।

## निर्मला सीतारमण से मिले चंद्रबाबू नायडू, आंध्र की वित्तीय सहायता बढ़ाने पर विचार करने को कहा



चंद्रबाबू नायडू ने पोलावरम सिंचाई परियोजना, पिछड़े क्षेत्रों के लिए विशेष सहायता और नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए धनराशि की मांग की है।आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू केंद्रीय बजट की प्रस्तुति से पहले शुक्रवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। उन्होंने कर्ज के बोझ दबे राज्य की वित्तीय सहायता बढ़ाने पर जोर दिया। सूत्रों ने बताया कि नॉर्थ ब्लॉक में बैठक के दौरान नायडू ने राज्य में चल रही विभिन्न परियोजनाओं पर प्रकाश डाला, जिनके लिए उन्हें वित्तीय सहायता की आवश्यकता है।सूत्रों ने कहा, 卐मुख्यमंत्री ने राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं और बढ़े हुए आवंटन की मांग के पीछे के तर्क को रेखांकित करते हुए एक विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया।卐 बैठक के दौरान तेलुगू देशम पार्टी के मंत्री मौजूद थे। राज्य सरकार के डेटा के अनुसार, राज्य सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, आंध्र प्रदेश का ऋण 2019-20 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद ( जीएसडीपी ) के 31.02 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 33.32 प्रतिशत हो गया है।

यह पिछले पांच वर्षों में राज्य की राजकोषीय स्थिति में गिरावट का संकेत देता है।नायडू ने इन मुद्दों पर जोर दिया चंद्रबाबू नायडू ने पोलावरम सिंचाई परियोजना, पिछड़े क्षेत्रों के लिए विशेष सहायता और नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए धनराशि की मांग की है। उन्होंने आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद उत्पन्न हुए मुद्दों के समाधान पर भी जोर दिया। यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह केंद्रीय बजट की प्रस्तुति से पहले हो रही है। सूत्रों ने बताया कि सीतारमण ने चंद्रबाबू नायडू की चिंताओं को सुना और उन्हें आश्वासन दिया कि वह राजकोषीय बाधाओं के भीतर आंध्र प्रदेश की मांग पर गौर करेंगी। बता दें कि आंध्र प्रदेश सीएम ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की। चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी ( टीडीपी ) केंद्र में भाजपा नीत एनडीए सरकार में एक महत्वपूर्ण साथी हैं।

## संपादकीय Editorial

### Culprits of mass tragedy

The satsang of the so-called 'Bhole Baba' in Hathras district of UP turned into mass death. The satsang was of a self-proclaimed baba, whose devotees include the Chief Minister, MPs, MLAs, officers. A stampede broke out in the satsang of Hathras district when the poor, common people, women etc. devotees wanted to touch the feet of 'Bhole Baba'. We will not comment on whether it was faith or fanaticism, but an average human being cannot be 'God'. There was a competition among the crowd of the satsang to get the blessings of the baba. That competition turned into a stampede. There was some slippery ground, there was a pit, so people started slipping and falling on each other. They were also trampling each other. There was so much panic in the crowd that people crushed humans. Ultimately the satsang turned into a tragedy with 121 deaths. About 35 were injured and 20 are reported missing. These figures can be even higher. How many houses have become orphans? How many houses have lost their 'Goddesses'? It is reported that 108 women have died. The question is whether a case of 'culpable homicide' has been registered against the alleged 'Bhole Baba' and his sevadar organizers or is there any possibility of such a case? An FIR has been registered against the main sevadar and some others. Why is 'Bhole Baba' not named in the FIR? It is said that a crowd of about 1.25 lakh had come to the satsang. The other side is claiming a crowd of 2.5 lakh. The Chief Secretary of the state, the IG of the area, DM and SDM etc. have different statements regarding the numbers. The question is that if the local administration had given permission for the satsang, were adequate arrangements made? Were the arrangements for water, medical care, medicines, doctors, ambulances and entry-exit doors etc. inspected? Was adequate police force deployed? The ADG has claimed that there were 40 policemen on the spot. Were 40 policemen enough for such a huge crowd? Did the administration and police not become alert after seeing the huge crowd in a small village, and hence could not make arrangements? The SDM office says that the crowd was reported to be 50,000, but more than 80,000 people reached. The local police says that the crowd column was blank in the letter we received for the program. The statements of the state's highest official, Chief Secretary Manoj Kumar Singh, are different. Why are there these contradictions at the administrative level? After all, who is accountable and responsible? People come to such religious and Babas' events with faith and a feeling of relief from suffering. Of course, whether they are religious leaders, social leaders, influential people or organizers, they gather a crowd of thousands and lakhs and leave them to their own devices. Governments and administration also do not touch these so-called Babas. During the Corona epidemic, this 'Bhole Baba' had conducted a satsang in Farrukhabad, UP. A huge crowd was gathered there too. How did the government and administration give permission for that satsang? The scene at the accident spot was so horrific, heartbreaking and disturbing that a policeman Ravi Yadav suffered a heart attack and died. We consider the so-called 'Bhole Baba' to be the main culprit. He and his servants did not even reach the hospital to check whether his devotees were alive or dead! Chief Minister Yogi Adityanath had asked for a report of the accident within 24 hours. He must have received it! He himself reached the accident spot and enquired about the condition of the injured in the hospital. No one has any information about where Baba is. How long will he remain underground? Why is his name not mentioned in the FIR? The value of a human being and a citizen of the country is not Rs 2-4 lakh.

# Society: The West explains the value of 'family', we also need to think in this direction

Sweden's new law is going to bring us back to the family. According to this, the affection of the older generation is necessary for the betterment of the next generation. Recently, a news surprised us. It was told that now in Sweden, grandparents will get three months of paid leave in the first year of the child's birth to take care of their grandchildren. This law has been passed in the parliament there. Sweden is the first country in the world, which fifty years ago announced to give leave not only to mothers but also to fathers on becoming parents. Here, sixteen months or four hundred and eighty days of leave benefits are given on the birth of a child. Reading this news reminds me of those incidents where people in America and Europe are surprised that grandparents from India keep going there for six months each to take care of their grandchildren. These days the West is troubled by the total disintegration of the family. Many young people there, including both boys and girls, do not want to get married. Even if they get married, they do not want to give birth to children. They feel that raising children is a huge responsibility and a hindrance to their freedom. This writer has seen many such people in Europe, who either live alone or do not have children. To fulfill the hobby of their children, they keep many dogs and cats. They take them for a walk in the morning and evening. They take care of their health. They give them good food. What I mean to say is that raising these animals also requires almost as much hard work as raising children. But various discussions have maligned the institution of family so much in the last one century that the youth find starting and expanding a family the biggest problem of their life. They get separated from their parents very soon. They meet them on some festival or some such occasion. Many do not even take care of them when they are ill. That is why they look at the Indian family structure with surprise, but themselves run away from family ties. However, here too, nuclear family has been seen as a boon for decades. Often in personal columns, the elderly complain that they have spent their entire life and savings on raising, caring for and educating their children. But now the children do not feel the need to meet them, let alone make a phone call. There are also reports that when parents die, the children living abroad tell their neighbours to perform the last rites themselves. Give us your account number. We will transfer the money. People in the West are raising slogans for the return of the family. They are troubled by the problems of nuclear families. Many children there get involved in such activities at an early age, which are not good for their future. But the return of the family seems difficult as long as the ideas that the West spread to destroy families are there. Western societies are a vivid example of how selfish and self-centered man becomes due to individualism. By raising children in a day care centre, children do not get the kind of care that they get with grandparents. Even by relying on maids, proper care of children cannot be guaranteed. Apart from this, when the youth are told that family is the biggest obstacle in their career, then why would they start a family! But the law of Sweden is telling how important it is for the next generation to have the older generation and for the children to get their love for the betterment of the next generation. By raising children in the proximity of grandparents, many good values ??easily find a place in their minds. They do not feel lonely after their parents go to work. Their sense of security also gets strengthened. There is also a need to think about the disintegration of the family that we are celebrating in the name of freedom here. Nowhere in the world can one live life by relying on oneself alone, nor is it possible to face challenges.

# Power struggle: Once again, the political upheaval in the neighbouring country proves this saying.

Only time will tell how much the echo of the power struggle that has once again erupted in Nepal will change the geopolitics of the region. But the political upheaval there definitely proves the saying that politics is a game of possibilities. Two diametrically opposed parties are uniting again to form a government. In Nepal, the Himalayas and Lord Pashupatinath are considered eternal. But neither the presence of the Himalayas nor the blessings of Lord Pashupatinath have been able to ensure political stability in Nepal. The mutual conflict of greedy leaders has put another government in danger. After the end of monarchy and the formation of Nepal as a republic, the 13th government of Pushpa Kamal Dahal 'Prachanda' is facing the threat of rebellion. Deputy Prime Minister and Infrastructure and Transport Minister Raghubir Mahaseth has submitted his resignation to Prime Minister Dahal. When Dahal won the trust vote for the third time on May 20 after the Janata Samajwadi Party-Nepal withdrew its support, he got 157 votes in the 275-member House of Representatives. Now with the UML withdrawing its support, he has lost 77 votes. However, Dahal has refused to resign and will now seek a vote of confidence in the National Assembly. Although he has won the trust vote three times before, it is not enough in Nepal's political vortex. In fact, since 2008, all governments in this Himalayan country have been coalitions of two or more parties, in which the allies and opposition parties have been changing their positions alternately. Once again there is a political uproar. Apart from 69-year-old Dahal, who has been the Prime Minister thrice, 72-year-old Khadga Prasad Sharma Oli has been the Prime Minister twice, while 78-year-old Sher Bahadur Deuba has been the Prime Minister a record five times. Under the Constitution, Dahal will get 30 days to win the trust vote to show majority. This will further increase political instability, which will naturally increase the economic crisis in the poor country. According to Maoist sources, talks between Prime Minister Prachanda and CPN-UML chief Oli to save the existing alliance have also failed. According to information received from Kathmandu, Dahal did not talk much on this subject, but remembered a Nepali song of late singer Fatteman - 'Yesto Pani Hundo Raicha Zindagi Ma Kahile, Kahile' (Sometimes life comes out like this). He said, 'We worked together with great intensity, but this time things have changed. We should work together in the future as well.' In fact, Nepal is once again witnessing a power struggle between three contenders. Dahal ended his alliance with the Nepali Congress, which is the largest party in the Nepali Parliament, and joined hands with the Communist Party of Nepal (UML), which is the second largest party in the Parliament. Dahal's party is the third largest party in the lower house of the Nepali Parliament. Nepal is a great example of the adage that politics is a game of probabilities. Nepal's two largest parties, which are ideologically opposed to each other, are coming together to form a government. The Nepali Congress and the Communist Party of Nepal (UML) have agreed to form a new coalition government under the leadership of Oli. The combined strength of the two in the 275-member House of Representatives is 167, which is more than the majority figure of 138. This could mean the end of the 18-month-old rule of Prachanda, who led the government thrice during this period, sometimes with the support of the Nepali Congress, and sometimes with the support of the CPN (UML). Leaders of both parties confirmed that the agreement on power sharing was reached last Monday itself. CPN (UML) General Secretary Shankar Pokhrel said, 'An agreement has been reached between the UML and the Nepali Congress to form a national consensus government under the leadership of KP Sharma Oli.' Nepali Congress Central Working Committee member and former Finance Minister Prakash Sharan Mahat also confirmed this. According to the written agreement, Oli and Deuba will lead the government in turn during the remaining time of the current House of Representatives. However, in the past, Oli had refused to step down for Dahal. The last parliamentary election in Nepal was held in November 2022, so the term of the current House is still three and a half years left. Dahal's supporters say that steps have been taken against Dahal to stop efforts to fight corruption. On July 1, Dahal and Home Minister Rabi Lamichhane said that preparations are underway to form a high-level commission to investigate major corruption scandals. The minister said that the commission will identify and investigate 25 corruption-related scandals. The government said that 'this is a conspiracy to topple the coalition government and create instability in the country.' In the last four months, Nepali politics has seen a lot of turmoil. A month ago, there was a ruckus in the parliament as well, when members got into a scuffle and marshals had to intervene. During this time, the Dahal government issued a new currency, which depicts the areas adjacent to India as part of Nepal. As a result, Indian Foreign Minister S. Jaishankar had to warn Nepal to be careful. Diplomatic observers described such steps as a move to divert public attention from the deteriorating economic situation. On the other hand, this dispute has also emerged due to Chinese influence and projects funded by China under the Belt and Road Initiative (BRI). Nepali politicians are calling it a "big deal". They want to take advantage of the situation and also ensure that such projects benefit their political base better. The prospect of a pro-Beijing Oli becoming prime minister should be a cause of concern for India, and similarly the prospect of a pro-India Deuba following him is disheartening. Both India and China are bound to see this endless power struggle, which will also reverberate in the geopolitics of the region.



# मुरादाबाद में जोरदार बारिश... बिलारी में भरभराकर गिरी मकान की छत, मलबे में दबने से भाई-बहन की मौत

मुरादाबाद में झमाझम बारिश जारी है। इस बीच बिलारी में मकान की छत गिरने से भाई-बहनों की मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में कोहराम मचा हुआ है। तेज बारिश के कारण ग्रामीण इलाकों से लेकर शहर में भारी जलभराव हुआ है। मुरादाबाद में हुई तेज बारिश से जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। शहर के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भारी जलभराव हो गया है। बिलारी में बारिश के बीच मकान की छत गिरने से इसके मलबे में दबकर भाई-बहन की जान चली गई।सोनकपुर क्षेत्र के भिड़वारी गांव में शुक्रवार सुबह यह हादसा हुआ। जिस समय यह घटना हुआ उस समय ग्रामीण की 12 वर्षीय बेटी इकरा और बेटा शानिब ( 11 ) घर में मौजूद थे। हादसे के बाद ग्रामीणों ने मलबे को हटा दोनों के शव बाहर निकाले। लगातार हो रही झमाझम बारिश से बिलारी, कांठ, ठाकुरद्वारा और कुंदरकी सहित सभी नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्र में ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल गई है। जगह-जगह नाले ओवरफ्लो हो गए और गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य मार्गों पर भारी जलभराव हो गया। लोगों के घरों में पानी भर गया है। सरकारी भवनों तक में पानी भर गया है। बिलारी में जल निकासी न होने से बारिश नई सड़क क्षेत्र व आसपास के गांवों के रास्ते में पानी भर गया। कांठ में नाले ओवरफ्लो हो गए। नगर की सड़कों और घरों में पानी भर गया। कांठ में रामलीला मार्ग, संत रविदास धर्मशाला मार्ग, पट्टीवाला, फकीरगंज आदि स्थानों पर सड़कें पानी से लबालब भरी नजर आईं। बारिश-बिजली से सप्ताह में तीन की मौत- बारिश अब जानलेवा भी बनती जा रही है। एक सप्ताह में बारिश और बिजली गिरने से तीन किसानों की मौत हो चुकी है। दो हादसे बुधवार को हुए, जबकि एक सप्ताह पहले 26 जून को बिजली गिरने से बिलारी में एक किसान की जान चली गई थी। गांव कुतुबपुर अज्जू में बुधवार सुबह करीब आठ बजे बारिश के दौरान ट्यूबवेल की कोठरी गिरने से किसान बाबूराम ( 58 ) की मौत हो गई। गांव रसूलपुर हमीर निवासी किसान मुनाजिर हुसैन ( 56 ) की जंगल में बिजली गिरने से जान चली गई थी। बिलारी क्षेत्र के गांव मीरापुर माफी में 26 जून को धान की रोपाई करते समय बिजली गिरने से गांव निवासी राजकुमार ( 28 ) की मौत हो गई थी। राजकुमार पिता श्रीकृष्ण व अन्य मजदूरों के साथ ठेके पर धान की रोपाई कर रहा था। श्रीकृष्ण ने बताया कि बारिश के दौरान तेज आवाज के साथ बिजली गिरी थी।



# आरटीओ के दस्तावेजों में कट गए वाहन, सड़कों पर दौड़ रहे उनके भूत, स्क्रैप प्रमाणपत्र नहीं कर रहे जमा

मुरादाबाद आरटीओ में कट चुके वाहन सड़क पर बेखौफ दौड़ रहे हैं। जिनसे हादसे का खतरा बना हुआ है। कई वाहन स्वामियों ने स्क्रैप हो चुके वाहनों का प्रमाणपत्र भी आरटीओ में जमा नहीं करवाया है। आरटीओ में कट चुकी गाड़ियां शहर की सड़कों पर बेखौफ होकर दौड़ रही हैं। इनके मालिकों को पुलिस और परिवहन विभाग का खौफ नहीं है। जिसकी वजह से सड़कों पर हादसे का खतरा बना रहता है। चौक-चौराहों पर खड़े पुलिसकर्मी भी इन वाहनों पर कार्रवाई नहीं करते हैं, जिससे शहर के मार्गों पर इनकी संख्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। परिवहन विभाग के नियमानुसार निजी वाहनों का रजिस्ट्रेशन 15 साल और कामर्शियल वाहनों का 10 साल के लिए होता है। इसके बाद वाहनों को कबाड़ घोषित कर दिया जाता है। इसके तहत वाहनों को स्क्रैप कराकर आरटीओ में चेसिस नंबर और सर्टिफिकेट जमा करना होता है। जिले में जिन वाहनों को कबाड़ में बेचा जा चुका है, उनमें से कुछ वाहन अभी भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इनका चेसिस नंबर और एचएसआरपी ( हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट ) दोनों अलग-अलग गाड़ियों के हैं। जबकि जिस वाहन के चेसिस नंबर पर जो भी एचएसआरपी नंबर जारी किया जाता है, उस वाहन पर वही चेसिस नंबर और एचएसआरपी नंबर प्लेट लगी होनी चाहिए। शहर के जामा मस्जिद से ताजपुर, गांगन से संभल चौराहे आदि जगहों पर गाड़ियां चल रही हैं। जिसमें ऑटो, कार, आदि शामिल हैं। 1.27 लाख वाहन 15 वर्ष की आयु कर चुके पूरे- शासन द्वारा स्क्रैप पॉलिसी लागू है। इसके मुताबिक 15 साल पुराने वाहनों को स्क्रैप किया जाता है। आरटीओ विभाग के अनुसार जिले में 1.27 लाख वाहन 15 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं। ,आरटीओ में जमा करना होता है स्क्रैप प्रमाणपत्र- मुरादाबाद जनपद के जिन वाहनों की आयु 15 साल पूरी हो चुकी है। उन्हें स्क्रैप सेंटर पर स्क्रैप कराना होता है। वाहन स्वामी को सेंटर से वाहन स्क्रैप कराने पर एक प्रमाणपत्र मिलता है। वाहनों की चेसिस नंबर और प्रमाणपत्र को वाहन स्वामी द्वारा आरटीओ कार्यालय में जमा किया जाता है। इसके बाद आरटीओ विभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा वाहन का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया जाता है। 15 साल पुराने वाहन का दोबारा कराएं रजिस्ट्रेशन- परिवहन विभाग के अनुसार अगर दो या चारपहिया वाहन चलाते-चलाते 15 साल पूरे हो चुके हैं, तो आरटीओ से उसका दोबारा रजिस्ट्रेशन हो सकता है। वाहन चलने लायक हो और पांच सीटर से अधिक क्षमता का वाहन होने पर उसकी फिटनेस के बाद गाड़ी का रजिस्ट्रेशन किया जाता है। दो पहिया वाहन व कार के लिए रजिस्ट्रेशन निर्धारित फीस के साथ पांच वर्ष के लिए होता है। वहीं व्यवसायिक वाहनों के लिए आठ साल तक हर दो साल में फिटनेस होता है। आठ साल के बाद एक साल के लिए फिटनेस किया जाता है। ये वाहन दौड़ रहे शहर के जाम मस्जिद से ताजपुर, गांगन से संभल चौहारा आजार नगर समेत कई जगहों पर यूपी 21 डीटी 3303, यूपी 21 एएन 6483, यूपी 21 एएन 7654, यूपी 21 एएन 6093, यूके 18 एटी 1615, यूपी 21 डीटी 6758 आदि नंबर के ऑटो चलाए जा रहे हैं। अगर इस प्रकार की गाड़ियां शहर में चल रही हैं, तो इसकी जांच कराई जाएगी। विभाग से सूची मगांकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। - सुभाष चंद्र गंगवार, एसपी, ट्रैफिक




# 'TMU में हो रही मौतों की कराई जाए सीबीआई जांच', एबीवीपी ने किया विरोध प्रदर्शन

मुरादाबाद। थाना पाकबड़ा इलाके के तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के बाहर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने भारी संख्या में इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन किया और यूनिवर्सिटी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान एबीवीपी ने टीएमयू में हो रही मौतों की सीबीआई से जांच कराने



की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांग को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। यूनिवर्सिटी कैंपस के अंदर और बाहर भरी संख्या में पुलिस बल मौजूद है। %झरू में हो रही मौतों की कराई जाए सीबीआई जांच% इधर, अपना दल ( के ) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष डा. रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को सौंपकर तीर्थंकर महावीर चिकित्सा विश्वविद्यालय ( टीएमयू ) में एमडी एनेस्थीसिया के छात्र ओशो राग चौधरी सहित अन्य की मौतों की सीबीआई से जांच कराने की मांग की। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि एक दिन पूर्व टीएमयू में एमडी एनेस्थीसिया के छात्र ओशो राग चौधरी की मौत हो गई। पिछले दिनों पैथोलोजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डा.अदिति मल्होत्रा, जून में बीबीए फाइनल ईयर के छात्र अक्षत जैन,नवंबर 2023 में बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा करुणा विश्वकर्मा,वर्ष 2021 में एमडीएस की छात्रा डा.वैशाली व अन्य कई छात्राओं की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौतों की सीबीआई से जॉच कराई जाए। तभी असलियत सामने आएगी। मंडल अध्यक्ष डा.रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कहा कि 25 दिन में टीएमयू में संदिग्ध परिस्थितियों में तीन मौतें हो चुकी है। इससे पूर्व भी कई मौतें हो चुकी हैं, जबकि मुरादाबाद में कई सरकारी/गैर सरकारी शिक्षण संस्थाएं हैं उनमें आज तक कोई घटना नहीं हुई। फिर टीएमयू में ही क्यों ऐसी घटनाएं हो रही हैं ? मां पिता अपने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए टीएमयू शिक्षण संस्थान में भेजते हैं। जबकि इस संस्थान में आए दिन संदिग्ध परिथितियों में मौतें हो रही हैं। ये गंभीर विषय है, इसकी सीबीआई से जांच होनी चाहिए। यदि शीघ्र ही जांच कर कारवाई नहीं की गई तो अपना दल ( के ) के पदाधिकारी लखनऊ विधानसभा व दिल्ली जंतर मंतर पर धरना/प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष अंकित ठाकुर, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष ठाकुर मंजू राठौर, राकेश कश्यप, अजय सैनी, राहुल सागर, विमल सागर, प्रदीप चौहान, नेमवती चंद्रा, धर्मेंद्र कश्यप,बीएल गुप्ता, राजेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

# आठ साल पहले बना जिला अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर, अब तक नहीं मिली फायर एनओसी, एक दिन पहले लग गई थी आग

मुरादाबाद मुरादाबाद के जिला अस्पताल में बने ट्रॉमा सेंटर में बृहस्पतिवार को आग लग गई। इससे मरीज और कर्मियों में भगदड़ मच गई। जांच में पता चला कि जिला अस्पताल का ट्रॉमा सेंटर आठ साल पहले बना था। अब तक इसे फायर एनओसी नहीं मिली है। पिछले दिनों दिल्ली के न्यू बोर्न बेबी केयर अस्पताल में आग लगने की घटना के बाद अग्निशमन विभाग लगातार सक्रिय है। हालांकि जिला अस्पताल की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। अस्पताल परिसर में ट्रॉमा सेंटर आठ साल पहले बना था।डेढ़ साल पहले इसका संचालन शुरू हुआ है। अब तक फायर सेफ्टी की एनओसी अस्पताल के पास नहीं है। ट्रॉमा सेंटर में सीटी स्कैन के अलावा सिर में गंभीर चोर के मरीज भर्ती किए जाते हैं। मानक अधूरे होने के कारण अग्निशमन विभाग की ओर से एनओसी जारी नहीं की गई है।इस बात को लेकर जिला अस्पताल प्रबंधन व अग्निशमन की टीम में कहासुनी भी हुई। अग्निशमन विभाग ने आग बुझाने के बाद पूरी घटना की जानकारी अस्पताल प्रबंधन से लिखित में मांगी। अग्नि सुरक्षा उपकरण चालू न होने की बात भी सामने आई। जबकि अस्पताल प्रबंधन का कहना था कि पानी की सप्लाई उनके टैंक से हुई है, जो अग्नि सुरक्षा के लिए ही बनाया गया था। जिला अस्पताल की ओपीडी व इमरजेंसी में भी पिछले माह लखनऊ की टीम ने ऑडिट किया था। अग्नि सुरक्षा के कई बिंदुओं में खामियां पाई गई थीं। महिला अस्पताल के पास भी नहीं है फायर एनओसी - महिला अस्पताल के पास भी फायर सेफ्टी की एनओसी नहीं है। जबकि यहां हर दिन 15 से ज्यादा नवजात व महिलाएं भर्ती रहती हैं। एसएनसीयू में भी 10 से अधिक नवजात हमेशा भर्ती रहते हैं। कई प्राइवेट अस्पतालों से भी यहां बच्चों को भेजा जाता है। इसके बावजूद अस्पताल में अग्नि सुरक्षा को लेकर इंतजाम काफी नहीं हैं। एसएनसीयू के बाहर लगे अग्निशमन यंत्रों की एक्सपायरी डेट निकल चुकी है। पाइपलाइन लगी हैं लेकिन आग लगने पर पानी की सप्लाई व आग बुझाने का इंतजाम नहीं है।अग्निशमन यंत्र चालू स्थिति में क्यों नहीं थे, इसकी जानकारी की जाएगी। फिलहाल हमारे स्टाफ ने पहुंचकर सबसे पहले आग बुझाने का काम किया। बाकी मामलों पर अस्पताल प्रबंधन से चर्चा करेंगे। जहां कमियां हैं, उन्हें बता दी जाएंगी। - कृष्ण कांत ओझा, चीफ फायर सेफ्टी ऑफिसर जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में लगी आग- बृहस्पतिवार को सुबह के 10 बजे थे। जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में बने सीटी स्कैन कक्ष में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. निर्मल ओझा रोजाना की तरह मरीज का सीटी स्कैन करने बैठे थे। मशीन शुरू हुई ही थी कि अचानक बराबर वाले बैटरी रूम में तेज धमाका हुआ। वहीं रखीं 34 बैटरियां एक-एक फट गईं। कुछ ही पलों में पूरे ट्रॉमा सेंटर में आग की लपटें और धुआं छा गया। ट्रॉमा सेंटर में भगदड़ मच गई। नर्सेज ड्यूटी रूम से स्टाफ दौड़कर आए, उन्होंने रेडियोलॉजिस्ट डॉ. ओझा को बाहर निकाला। इसके बाद सभी महिला स्टाफ बाहर भेजी गईं।



## संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ की विभीषिका से निपटने में लोगों की मदद करेंगे 18 नाविक और 41 गोताखोर

मुरादाबाद। मानसून के सक्रिय होने के बाद जिले में संभावित बाढ़ की विभीषिका से निपटने की तैयारी तेज हो गई है। 193 बाढ़ संभावित गांवों को चिह्नित किया गया है। जिसमें सर्वाधिक



सदर तहसील के 122 गांव शामिल हैं। रामगंगा व गागन नदी के तटीय इलाकों में रहने वाले गांवों व महानगर के कई मोहल्लों में लोगों को अभी से अलर्ट किया गया है। बाढ़ आने पर लोगों को सुरक्षित रखने के लिए तहसील वार कुल 18 नाविक और 41 गोताखोर तैनात किए गए हैं। इन्हें पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से दिया गया है।जिले में बाढ़ के दायरे में आने वाले संभावित 193 गांव चिह्नित किए गए हैं। जिसमें सर्वाधिक 122 गांव सदर तहसील के अन्तर्गत हैं। तहसीलवार कंट्रोल रूम व कुल 35 बाढ़ चौकियां बनाई गई हैं। इन चौकियों पर 24 घंटे कर्मचारी तैनात किए गए हैं। तहसील स्तर पर नाविकों को तैनात किया जा रहा है। उनकी मदद के लिए 47 गोताखोर भी लगाए गए हैं। जो बाढ़ से घिरने पर लोगों की सहायता करेंगे। जिले में तहसीलवार सदर में 12, कांठ और ठाकुरद्वारा में 3-3, बिलारी में शून्य सहित कुल 18 नाविकों को तैनात किया गया है। इसके अलावा सदर तहसील में 12, कांठ में 19 सहित कुल 41 गोताखोर लगाए गए हैं। जो बाढ़ में लोगों को सुरक्षित करेंगे। तहसील वार नाविक, गोताखोरों की संख्या और संभावित बाढ़ के दायरे में आने वाले गांव- तहसील नाविक गोताखोर बाढ़ के दायरे में आने वाले गांव मुरादाबाद सदर- 12 12 122 कांठ - 3 19 18 बिलारी- 6 23 ठाकुरद्वारा- 3 4 30 योग - 18 41 193 कलेक्ट्रेट में स्थापित जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कार्यालय से हर पल नदियों के जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। बाढ़ बचाव के सभी प्रबंध एसओपी के अनुसार हो रहे हैं। जिला स्तर पर बाढ़ कंट्रोल रूम सक्रिय कर उसके लिए नंबर भी जारी कर दिए गए हैं। सभी तहसीलों को मिलाकर 35 बाढ़ चौकियां स्थापित हैं। इन पर राहत व बचाव के सभी उपाय मौजूद रहेंगे। - सुजीत गौतम, जिला आपदा विशेषज्ञ

### विवाद सुलझाने गए... सिपाहियों को घर में बंधक बनाकर पीटा, एक के गले से सोने की चेन लूटी, आरोपी फरार

मुरादाबाद डींगरपुर गांव में विवाद के बाद पहुंचे सिपाहियों को बंधक बनाकर पीटा गया। आरोप है कि एक सिपाही के गले से सोने की चेन भी लूट ली गई। इस मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। मैनाठेर थाना क्षेत्र के डींगरपुर गांव में सोमवार दोपहर मारपीट की सूचना पर पहुंचे सिपाहियों को कुछ लोगों ने बंधक बना लिया और उसके साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मैनाठेर के डींगरपुर गांव निवासी नासिर की पत्नी नूरे सबा ने सोमवार को पुलिस को सूचना दी थी कि साझे की गाड़ी को लेकर उसके परिवार के ही कुछ लोग पति और बच्चों के साथ मारपीट कर रहे है। इसकी जानकारी मिलने पर सिपाही विकास कुमार और विनेश मौके पर पहुंच गए थे।वहां नासिर बेहोशी की हालत में पड़ा था। सिपाहियों ने नासिर के मुंह पर पानी डलवा कर उसे होश में लाए। नासिर ने पुलिस को बताया कि मेरे भाई कासिम, जाबिर और साजिद और उनकी पत्नियों ने मेरे घर में घुसकर मारपीट की और मुझको मरा जानकर अपने घरों को भाग गए। जब दोनों सिपाही आरोपी जाबिर के घर पर पहुंचकर आवाज लगाई तो अंदर से तीनों भाई बाहर निकल आए। आरोप हे कि तीनों भाइयों ने गाली गलौच करते हुए दोनों सिपाहियों का हाथ पकड़ कर घर में खींच लिया और अंदर से गेट बंद कर दिया। आरोप है कि सिपाहियों के साथ मारपीट करते हुए उनकी वर्दी फाड़ दी और सिपाही विनेश के गले से सोने की चेन भी लूट ली। मारपीट करने के साथ सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की है। दोनों सिपाही इनके चुंगल से निकल कर भाग निकले।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001


इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# विद्युत विभाग की मनमानी बगैर कनेक्शन भिजवा दिया 2 लाख से अधिक का रिकवरी नोटिस

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली। एक तरफ जहां सरकार जनता को सहूलियत देने का दावा कर रही है, वहीं विद्युत विभाग के अफसर जनता परेशान करने का कोई एक भी मौका छोड़ने से नही चूक रहे हैं। शामली में एक व्यक्ति का आरोप है कि उसके नाम कोई विद्युत कनेक्शन नही होने के बावजूद भी विभाग द्वारा तहसीलदार के माध्यम से उसे दो लाख रूपए से अधिक का रिकवरी नोटिस भिजवाया गया है। पीड़ित ने बताया कि रिकवरी जारी होने के बाद उसकी सुनवाई के बजाय उल्टा उसे परेशान किया जा रहा है। पीड़ित ने डीएम से मामले की शिकायत की है।शुक्रवार को कैराना के मोहल्ला आलखुर्द निवासी मंजूर हसन डीएम से शिकायत करने के लिए शामली कलेक्ट्रेट पहुंचे। मंजूर ने बताया कि उनके नाम पर कोई विद्युत कनेक्शन नही है, लेकिन इसके बावजूद भी विद्युत विभाग की ओर से 2 लाख 139 रूपए की रिकवरी तहसीलदार कैराना उनके नाम पर जारी की गई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उक्त रिकवरी से उनका कोई वास्ता नही है, क्योंकि जिस मकान पर संबंधित विद्युत मीटर लगा हुआ है, वह उसमें निवास भी नही करता और ना ही मकान पर लगा कनेक्शन उसके नाम पर है।छिंदवाडा के पुरुषों को स्टैमिना बढ़ाने का ये नुस्खा बड़ा भा रहा है और जानें शिकायकर्ता ने डीएम को यह भी बताया कि पूरे मामले से अवगत कराने के बावजूद भी अब तहसील के कर्मचारी उसे तंग व परेशान कर रिकवरी भरने के लिए कह रहे हैं। पीड़ित ने डीएम से जांच कराते हुए गलत तरीके से भेजी गई रिकवरी को वापस कराने की मांग की है।



# पीड़ित मकान स्वामी ने खुद पर पेट्रोल छीड़कर आत्मदहा करने का किया प्रयास

क्यूँ न लिखूँ सच-सिकंदर राजा

मुरादाबाद - पीड़ित मकान स्वामी ने खुद पर पेट्रोल छीड़कर आत्मदहा करने का किया प्रयास नगर निगम प्रशासन के उत्पीड़न से था परेशान मकान स्वामी की अवैध रूप से तोड़ दी गई थी मकान की बाउंड्री आपको बता दे उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के चंदन नगर निवासी राकेश कुमार आहूजा नाम के व्यक्ति ने खुद पर पेट्रोल छिड़कर आत्मदाह करने का प्रयास किया है पीड़ित का आरोप है कि नगर निगम प्रशासन अपनी मनमानी करने से पीछे नहीं हट रहा मकान स्वामी राकेश कुमार आहूजा ने बताया कि चंदन नगर में हमारा मकान है और हमारा मकान नगर निगम के किसी नाले या नाली पर बना हुआ नहीं है लेकिन नगर निगम प्रशासन चंदन नगर निवासी भाजपा पार्षद के वहकाबे में आकर हमको धमकाने का प्रयास कर रहा है मकान स्वामी का आरोप है की बीते कुछ दिन पूर्व नगर निगम प्रशासन द्वारा हमारे मकान की बाउंड्री को अवैध रूप से बताकर तोड़ दिया था इतना ही नहीं मकान की नाप नपाई करने के लिए भी टीम आई थीं आरोप यह भी है की टीम ने इस बीच हमारे परिवार की महिलाओं के साथ अपशब्द भाषा का प्रयोग किया था जब इस बात का विरोध किया गया तो उल्टा नगर निगम टीम ने पीड़ित परिवार को धमकाने का प्रयास किया इसी बात से नाराज होकर पीड़ित मकान स्वामी राकेश कुमार आहूजा ने आज खुद पर पेट्रोल छिड़क कर आत्मदहा करने का प्रयास किया जैसे तैसे कर लोगों लोगों ने उनको बचाने का प्रयास किया वहीं सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंच गया और पूरे मामले की जांच पड़ताल की फिलहाल इस पूरे प्रकरण में पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन को एक लिखित में शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991


# छत्रपति नगर वार्ड नंबर 26 की जनता पूंछ रहीं हैं कब होगा रोड का निर्माण

क्यूँ न लिखूँ सच

रीवा शहर वार्ड नंबर 26 छत्रपति नगर का कच्ची रोड जों मलवे में हों जाता है तब्दील बरसात होने से रीवा नगर निगम में लेखा शाखा तक फाइल बहुत पहले ही पहुंच गया है और अनुमानित लागत 23 लाख 80 अस्सी हजार का प्रपोजल बन कर तैयार है अभी टेंडर नहीं हुआ आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं हुई जबकि C M HELP LINE में शिकायत दर्ज कराई गई थीं लेकिन संबंधित अधिकारी के द्वारा बंद करा दिया गया था कि जैसेही बजट आयेगा और आचार संहिता समाप्त होते ही रोड नाली निर्माण का कार्य हो जायेगा लेकिन उसके बावजूद भी रोड़ नाली निर्माण नहीं कराया जा रहा है क्या इसीलिए मध्यप्रदेश की जनता 29 में 29 सीटों को भा ज पा को दिया उसके बाद यह हाल है बताया जा रहा है कि इस रोड की हमेशा से नज़र अंदाज़ किया जा रहा है वीडियो में साफ-साफ दिखाई दे रहा है फिसलन भरी रोड वर्षा होने से गाड़ी क्या पैदल चलना हो जाता है

मुश्किल आखिर ऐसा कब तक चलता रहेगा सवाल, कब होगा सड़क निर्माण ? छत्रपति नगर के वार्ड वासियों की मानें तो मध्य प्रदेश सरकार से कह रही है कि चुनाव में 29 की 29 लोकसभा सीट दे दिए अब रोड तो बनवा दो यहां की रोड कबाड़ है




CC-DR/149/04/26/2024
नस्ती क्रमांक 149/2024 जोन क्रमांक 04
विभाग का नाम न० पा० नि० रीवा
प्रभारी अधिकारी का नाम श्री एस० एल० दहायत
योजना का नाम वार्ड क्र० 26 में श्रीमती सियादुलारी के घर से श्री प्रदीप कुमार तिवारी
नस्ती विवरण के घर तक सी० सी० सड़क एवं आर० सी० सी० नाली निर्माण कार्य।
अनु० लागत 23.80 लाख

# बरसात के पानी का जल निकासी न होने के कारण गांव के लोग पानी में चलने के लिए मजबूर

क्यूँ न लिखूँ सच-प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाभन पुरवा में बरसात पानी के जल निकासी न होने के कारण गांव के लोग पानी में चलने को मजबूर हैं बरसात का पानी सड़कों पर भर जाता है और नालिया जल निकासी के न होने के कारण गंदा पनी मे लोग चलने के लिए मजबूर हैं ग्राम के निवासी युसूफ अली, मोहर,टेढ़े जैनुल , आदि ग्रामीण का मांग है कि गांव के बाहर नाली बनाकर बरसात का पानी निकालने के लिए गांव के दक्षिण तरफ बने नाले तक बनवाया जाए जिससे गांव का पानी बाहर निकल जाए और नाली का पानी गंदा सड़कों पर जमा हो जाता है जिससे लोग को आने जाने में विशेष परेशानी होती है तथा नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद तक गंदे पानी में चलकर जाना पड़ता है जगह-जगह जल भर जाता है इसलिए ग्रामीणों ने जिला अधिकारी श्रावस्ती से मांग किया है की ग्राम पंचायत मे विकास कार्य का जांच कर कार्यवाही की मांग किया है ।

# सिबिल जज प्रवरखण्ड श्रावस्ती के स्थगन आदेश का नही हो रहा पालन

क्यूँ न लिखूँ सच-प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती- श्रावस्ती सिबिल जज प्रवरखण्ड श्रावस्ती द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया । जो प्रार्थना पत्र 6 गा स्वीकार किया जाता हैं, उभय पक्ष का तामुकदमा फैसला विबादित गाटा संख्या 153 रकबा 0.344 हेक्टेयर व अन्य नम्बरान स्थिति मौजा हरदत्त नगर गिरन्ट परगना कि चरदा तहसील जमुनहा का संक्रमणीय भूमि धर काश्तकार हैऔर उस पर काबिज व दाखिल है । जिसे वाद पत्र के साथ नक्शा नजरी में अक्षर अ,ब,स,द से प्रदर्शित किया है , पर यथा स्थिति बनाये रखे । आपत्ति अनुसार निरस्त की जाती है । पत्रावली दिनांक 20/07/2024 के वास्ते तनकीह 2 पेस हो इस सम्बंध में बंशी धर पुत्र राम दास साकीन मोहन लाल पुरवा थाना हरदत्त नगर गिरन्ट में प्रार्थना पत्र के साथ न्यायालय का स्थगन आदेश कॉपी दिया है , विपक्षी ललन व शोभा राम पुत्र गण सुमिरन , राजू व ननकू पुत्रगण ललन, मोलहे पुत्र बाबादीन , वकील पुत्र लालता , आदि विपक्षी गण न्यायालय के आदेश को न मान कर उपरोक्त जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है । इस सम्बंध में वादी वंशीधर द्वारा स्थानीय थाना हरदत्त नगर गिरन्ट में प्रार्थना पत्र देकर कब्जा हटवाने की मांग किया है ।



# एसएसबी ने सीमावर्ती गांव में किया ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक

क्यूँ न लिखूँ सच-प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती- जनपद में रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी कमांडेंट, 62वीं वाहिनी एसएसबी भिनगा के दिशा निर्देशन एवं निरूपेश कुमार उप-कमांडेंट की अध्यक्षता में त्र एफत्र समवाय ककरदरी के कार्यक्षेत्र राजकीय प्राथमिक विद्यालय ककरदरी में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उप कमांडेंट ने सभी ग्रामीणों का स्वागत अभिनंदन किया और बैठक को आरंभ किया। जिसमे गांव की सामूहिक समस्यायों के बारे में पूछा गया। ग्रामीणों ने बताया ककरदरी गांव में रोड बनाने, राप्ती नदी का कटान गांव है रोकने को आश्वासन दिलाया गया की हम आपकी समस्या का निवारण जल्द से जल्द करवाने की कोशिश करेंगे और संबंधित राजकीय विभाग को पत्र भी लिखेंगे। की आपकी समस्या का निवारण शीघ्र ही किया जाएगा। और ग्रामीणों को बताया कि भारत नेपाल सीमा खुली सीमा है दोनों देश के साथ रोटी बेटी का संबंध है जिसका फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त है को की हमारे देश और समाज के लिए घातक है।

# राहुल हाथरस हादसे से पीड़ितों के घर पहुंचे गले लिपटकर रोए परिजन परिवारों से कहा टेंशन ना लो हम हैं अब आप हमारा परिवार

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ के पिलखना आए। यहां उन्होंने हाथरस हादसे के चारों मृतकों के परिवारों से मिलकर सांत्वना दी। राहुल गांधी वहां से हाथरस ग्रीन पार्क पहुंचे, जहां पर पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की। दिल्ली से सड़क मार्ग द्वारा राहुल गांधी खैर पहुंचे, खैर कांग्रेस कमेटी ने सुभाष चौक पर जोरदार स्वागत किया। वहां के बाद राहुल गांधी अकराबाद के पिलखना गांव पहुंच गए। गांव में सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। चप्पे-चप्पे पर सीआरपीएफ, पुलिस फोर्स और पीएसी तैनात है। राहुल गांधी ने हाथरस सत्संग हादसे के चारों मृतकों मंजू पत्नी छोटे लाल, पंकज पुत्र छोटे लाल, प्रेमवती और शांति देवी पत्नी विजय सिंह के घर पर जाकर मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी और घटना को दुखद बताया। सत्संग में हुई भगदड़ की घटना के बारे में जानकारी की। राहुल गांधी ने कहा कि मामले को संसद में उठाया जाएगा, कांग्रेस पीड़ित परिवार के साथ है। उनके साथ में कांग्रेस-सपा के पदाधिकारी और स्थानीय नेता मौजूद रहे। पिलखना गांव में सुरक्षा बलपिलखना से 8 =05 बजे चलकर राहुल गांधी हाथरस स्थित नबीपुर, ग्रीन पार्क 9 =02 बजे पहुंचे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हादसे में मृतक आशा देवी, मुन्नी देवी ओर ओमवती के परिजनों से मुलाकात की। वह परिजनों से घटनाक्रम के बारे में जानकारी ले रहे हैं। राहुल गांधी के साथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी मौजूद हैं। मीडिया से मुखातिब हुए राहुल गांधी- 9=30 बजे राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत की। राहुल गांधी ने कहा कि प्रदेश सरकार को दिल खोलकर गरीब परिवारों की मदद करनी चाहिए । परिजनों ने बताया है कि प्रशासन की ओर से हादसे की जगह पर मुकम्मल इंतजाम नहीं थे, इस वजह से यह हादसा हुआ। राहुल गांधी हाथरस से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।



# जनपद में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविन्द कुमार यादव

